an>

Title: Need to reopen the closed granite stone mills in Chitrakoot district of Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्ष महोदया, मैं एक गंभीर समस्या की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के भरतकूप क्षेत्र के अंतर्गत ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : केवल भैरों प्रसाद मिश्र जी की बात ही रिकार्ड पर जायेगी।

...(*Interruptions*)â€¦ *

श्री भैरों प्रसाद मिश्र: मेरे संसदीय क्षेत्र के भरतकूप क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित ग्रेनाइट गिट्ट बनाने वाली स्टोन मिलें करीब एक माह से अधिक दिनों से बंद हैं, जिससे हजारों श्रमिक एवं मिल मालिकों से जुड़े परिवार व खदानों में कार्य करने वाले परिवार भुखमरी की स्थिति में पहुंच गये हैं। गिट्ट का उत्पादन बंद होने से निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वहां पर खदानों के पट्टे दस वर्ष के लिए सन् 2011 में दिये गये थे, अभी पांच वर्ष से अधिक समय शेष है, लेकिन अवैध धन वसूली के कारण दबाव बनाने के लिए उनकी खदानें निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। अब उन्हें बहाल करने के लिए करोड़ों रुपये मांगे जा रहे हैं। चित्रकूट जनपद का एकमात्र उद्योग स्टोन क्रेशर उद्योग ही है। इसी तरह वहां अन्य इमारती पत्थर की खदानों को भी बंद करा दिया गया है। क्षेत्र में सूखे से ग्रस्त ग्रामीणों का यह सहारा भी छिन गया है और लोग भुखमरी की स्थिति में पहुंच रहे हैं।

अस्तु आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस पर हस्तक्षेप कर इस गम्भीर समस्या का निराकरण यथाशीघ्र कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री सी.पी.जोशी को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।